F0RM NO.111

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्टट्रेक) श्रीमाधोपुर (सीकर)

रामसिंह बनाम सरदारसिंह

किस्म मुकदमाः–प्रा.पत्र वाजदायरी अ0 आदेश 9 नियम 4 सीपीसी मुकदमा नम्बरः– 53/2022

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय लघु हस्ताक्षर जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तालीम में जारी हुये
02.2.2023	प्रार्थी की ओर से श्री संजय कुमार शर्मा एड0 ने उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र वाजदायरी अन्तर्गत आदेश 9 नियम 4 सीपीसी का पेश किया। प्रार्थना पत्र वाजदायरी अन्तर्गत आदेश 9 नियम 4 सीपीसी दर्ज रजिस्टर की जायें। वकील प्रार्थी प्रस्तुतीकरण के दौरान बहस अवगत कराया कि उक्त वादपत्र बमुकदमा उनवानी रामसिंह बनाम् सरदारसिंह वगै0 प्रार्थना पत्र आदेश 9 नियम 13 सीपीसी का मुकदमा नं. 05/2017 तारीख पेशी 31.01.2023 को अदम पैरवी व अदम हाजरी में न्यायालय द्वारा खारिज किया जा चुका है। जिसकी जानकारी वकील प्रार्थी को दिनांक 02.02.2023 को मिलने पर वाजदायरी प्रार्थना पत्र पेश किया है। वकील प्रार्थी द्वारा पेश प्रार्थना पत्र वाजदायरी प्रारम्भिक स्टेज पर ही स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतित होता है। अतः ऐसी स्थिति में वकील प्रार्थी द्वारा पेश प्रार्थना पत्र वाजदायरी अन्तर्गत आदेश 9 नियम 4 सीपीसी का स्वीकार किया जाता है तथा मूल प्रार्थना पत्र उनवानी रामसिंह बनाम् सरदारसिंह वगै0 आदेश 9 नियम 4 सीपीसी, मुकदमा नम्बर 05/2017 निर्णय फैसला 31.01.2023 को पुनः नम्बर पर लिया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हों। यह निर्णय आज दिनांक 02.02.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया जाता है। (दिलीप सिंह) दिलीप सिंह सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) श्रीमाधोपुर (सीकर) श्रीमाधोपुर (सीकर)	

Signature Not Verified

Digitally signed by Dilip Singh
Date: 2023.05.01 11:36:39 IST
Reason: SelfAttested